राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से योगगुरू स्वामी रामदेव ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 20 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से आज राजभवन पहुँचकर योगगुरू स्वामी रामदेव ने शिष्टाचार मुलाकात की।

शिष्टाचार मुलाकात के दौरान स्वामी रामदेव को राज्यपाल श्री चौहान ने बिहार में 'नशाबंदी', 'दहेज उन्मूलन' एवं 'जल–जीवन हरियाली' को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के बारे में बताया तथा कहा कि सामाजिक सुधार एवं पर्यावरण–संतुलन को लेकर केन्द्र एवं बिहार सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'जन–जागरूकता' के कार्यक्रमों से बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता को प्रेरणा मिलेगी।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार के विश्वविद्यालयों में भी नवाचारीय प्रयोग हो रहे हैं तथा विश्वविद्यालयों को सामाजिक दायित्वों से भी जोड़ा गया है। विश्वविद्यालयों को हरित–आवरण बढ़ाने के लिए अधिकाधिक संख्या में वृक्षारोपण करने तथा 'क्लीन कैम्पस–ग्रीन कैम्पस' अभियान चलाने को कहा गया है। राज्यपाल ने कहा कि 'वाटर हार्वेस्टिंग' तथा जल–प्रबंधन के जरिये राज्य में जल–समस्या के निदान की पहल हुई है तथा स्वच्छ पेयजल को घर–घर पहुँचाने के लिए 'हर घर –नल का जल' जैसे कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

स्वामी रामदेव ने राज्य में हो रहे विकास–कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बिहार का इतिहास गौरवशाली है और यहाँ की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए समेकित कृषि के विकास हेतु किए जा रहे प्रयास भी सराहनीय हैं। स्वामी रामदेव ने राजभवन में देशी गायों के पालन तथा 'धन्वन्तरि वाटिका' आदि की स्थापना की भी प्रशंसा की।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा तथा पतंजलि योगपीठ के श्री एस॰के॰ तिजारावाला भी उपस्थित थे।

....